Q. भारत में राष्ट्रीय स्तर के स्वास्थ्य संगठन को विस्तार से समझाइए।

Describe the national level health services organization in India in detail.

उत्तर- राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य संगठन (Health Organization at National Level)

केन्द्रीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के संगठनात्मक ढाँचे के निम्न तीन अंग होते हैं-

The organisational structure of health services at the central level has the following three components-

1. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (Union Ministry of Health and Family Welfare)

2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (Directorate General of Health Services)

3. केन्द्रीय स्वास्थ्य परिषद (Central Council of Health)

1. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (Union Ministry of Health and Family Welfare) -

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का मुखिया प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त कैबिनेट मंत्री होता है जिसे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री कहते हैं व एक या एक से अधिक केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भी हो सकते हैं जिनका प्रमुख कार्य केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का सहयोग करना होता है।

The Ministry of Health and Family Welfare is headed by a Cabinet Minister appointed by the Prime Minister, called the Union Health Minister. There may also be one or more Union Ministers of State for Health whose main function is to assist the Union Health Minister.

इस मंत्रालय में निम्न दो विभाग सम्मिलित होते हैं-

स्वास्थ्य विभाग (Department of Health)

परिवार कल्याण विभाग (Department of Family Welfare)

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का मुखिया सचिव (Secretary) होता है जो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता है।

स्वास्थ्य सचिव द्वारा संपादित की जाने वाली गतिविधियों में सहायता प्रदान करने हेतु अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव (Additional Health Secretary), संयुक्त स्वास्थ्य सचिव (Joint Health Secretary), उप स्वास्थ्य सचिव (Deputy Health Secretary) आदि की पूरी एक टीम होती है।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (Directorate General of Health Services, DGHS) स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

The head of the Central Health and Family Welfare Department is the Secretary, who is an officer of the Indian Administrative Service.

There is a whole team of Additional Health Secretary, Joint Health Secretary, Deputy Health Secretary, etc. to assist the Health Secretary in the activities performed by him.

The Directorate General of Health Services (DGHS) provides technical assistance to the Health Department on various health related issues.

स्वास्थ्य विभाग के कार्य (Functions of Health Department)

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों को संघ सूची (union list) तथा समवर्ती सूची (concurrent list) में वर्णित किया गया है, जिसमें से कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं-

1. विभिन्न देशों व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ स्वास्थ्य संबंध (health relation) स्थापित करना।

2. देश के स्वास्थ्य स्तर तथा रुग्णता स्तर के संबंध में आँकड़े प्राप्त करने हेतु विभिन्न सर्व करवाना।

3. स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरीन तरीके से क्रियान्वयन तथा इन्हें अधिक कारगर बनाने के लिए विभिन्न अनुसंधानों को बढ़ावा देना।

4. विभिन्न केन्द्रीय स्वास्थ्य संस्थानों, मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेजों, जी.एन.एम. एवं ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्रों, पैरामेडिकल सेवाओं आदि के सुचारू रूप से संचालन को सुनिश्चित करना।

5. देश में औषधियों की उचित गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए मापदण्डों का निर्धारण करना। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अंतर्गत औषधि नियंत्रण संगठन (drug control organization) की स्थापना की गई है।

6. विभिन्न राज्य सरकारों के साथ मिलकर देश में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के नियोजन एवं क्रियान्वयन का कार्य करना।

7. केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना।

8. देश में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी नियोजन एवं क्रियान्वयन का कार्य करना जैसे-

. राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम

राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम

विभिन्न पोषण संबंधी कार्यक्रम

राष्ट्रीय एड्स रोग नियंत्रण कार्यक्रम

टीकाकरण कार्यक्रम

परिवार नियोजन एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम

पल्स पोलियों टीकाकरण कार्यक्रम

समेकित बाल विकास योजना आदि।

9. बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्य एवं अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों के साथ सामंजस्य स्थापित करना।

10. देश में कार्यरत विभिन्न स्वैच्छिक स्वास्थ्य संस्थाओं (voluntary health agencies) तथा गैर-सरकारी संस्थाओं (Non-Governmental Organizations) को तकनीकी एवं आर्थिक सहायता प्रदान करना।

The functions to be performed by the Health Department are described in the Union List and Concurrent List, some of the major ones of which are as follows-

1. To establish health relations with various countries and international institutions.

2. To conduct various surveys to obtain data regarding the health level and morbidity level of the country.

3. To promote various researches to implement health services in a better way and to make them more effective.

4. To ensure smooth functioning of various central health institutions, medical and nursing colleges, GNM and ANM training centers, paramedical services etc.

5. To determine the parameters to maintain the proper quality of medicines in the country. To achieve this objective, a drug control organization has been established under the Directorate General of Health Services.

6. To work in collaboration with various state governments for planning and implementation of various health services in the country. 7. Ensuring complete health care for central government employees.

8. Effective planning and implementation of various health programmes and health schemes in the country such as-

National Malaria Control Programme

National Tuberculosis Eradication Programme

National Leprosy Eradication Programme

Various Nutrition Programmes

National AIDS Disease Control Programme

Vaccination Programme

Family Planning and Family Welfare Programme

Pulse Polio Vaccination Programme

Integrated Child Development Scheme etc.

9. Coordinating with the state and other central ministries for better health services.

10. Providing technical and financial assistance to various voluntary health agencies and non-governmental organisations working in the country.

परिवार कल्याण विभाग के कार्य (Functions of Family Welfare Department) -

परिवार कल्याण विभाग द्वारा सम्पादित की जाने वाली मुख्य गतिविधियाँ निम्न हैं-

1. सम्पूर्ण देश में परिवार कल्याण केन्द्रों के द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करना।

2. इस कार्यक्रम में रुचि रखने वाली तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार स्वैच्छिक स्वास्थ्य एजेन्सीज (voluntary health agencies) को आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान करना।

3. जन-समुदाय में कार्यक्रमों के प्रति जागरुकता प्रदान करना ताकि वे इसके अंतर्गत प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

4. गर्भ निरोधन के विभिन्न अस्थायी एवं स्थायी साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना।

इसके लिए निरोध एवं मुँह से ली जाने वाली गर्भनिरोधक गोलियों का निःशुल्क वितरण करना, निःशुल्क कॉपर-टी लगाना, ट्यूबेक्टोमी तथा वेसेक्टोमी शिविरों का आयोजन करना आदि शामिल हैं।

5. जन-समुदाय को अपने परिवार का आकार छोटा रखने तथा दो बच्चों के मध्य कम से कम तीन साल का अंतर रखने के लिए प्रेरित करना।

6. स्वास्थ्य संबंधी वांछित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अन्य संबंधित विभागों से सामंजस्य स्थापित करना।

The main activities performed by the Family Welfare Department are as follows-

1. Ensuring smooth operation of the Family Welfare Programme through Family Welfare Centres across the country.

2. Providing financial and technical assistance to voluntary health agencies interested in this programme and ready to provide effective health services to make the programme successful.

3. Providing awareness about the programmes among the public so that they can avail the benefits of the health services provided under it.

4. Ensuring the availability of various temporary and permanent means of contraception.

For this, free distribution of condoms and oral contraceptive pills, free insertion of Copper-T, organising tubectomy and vasectomy camps etc. are included.

5. Motivating the public to keep their family size small and to keep a gap of at least three years between two children.

6. Establishing coordination with other related departments to achieve the desired health related goals.